राष्ट्र के विकास में युवाओं की भागीदारी के लिए भारत भर में जन जागृति अभियान – "पुनर्जागरण" के कार्यान्वयन के लिए परिचालन दिशानिर्देश

यूथ प्रोफाइल

भारत के पास युवाओं का सबसे बड़ा समूह है, जो कि परिपक्व होने की ओर अग्रसर है। राष्ट्रीय नीति 2003 में 13–35 वर्ष की आयु समूह के व्यक्तियों को युवा के रुप में परिभाषित किया गया था परंतु वर्तमान राष्ट्रीय नीति 2014 में 15–29 वर्ष के आयु वर्ग को युवा के रुप में परिभाषित किया गया है, जिससे कि विभिन्न नीतिगत तथ्यों के संबंध में अधिक से अधिक गम्भीर व केन्द्रीकृत सोच विकसित की जा सकें। जनसंख्या का 27.5 प्रतिशत भाग 15–29 वर्ष के आयु के समूह के युवाओं का है। वर्तमान में भारत की 34 प्रतिशत सकल राष्ट्र आय में 15–29 वर्ष के युवाओं का योगदान है।

युवा देश की आबादी का सबसे जीवंत और संसाधन पूर्ण हिस्सा है, इनकी सामाजिक, आर्थिक विकास के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका है। गरीबी से बाहर आने एव आजीविका विकास के लिए उनकी आंतरिक क्षमताओं को बाहर लाना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, जिससे कि वे स्वस्थ एवं सार्थक जीवन यापन कर सकें।

पृष्ठभूमि

राष्ट्रीय, राज्य स्तर पर सरकार और जिला स्तर पर प्रशासन, कई योजनायें देशभर में लोगों के कल्याण हेतु कार्यान्वित कर रही हैं। लेकिन देश के नागरिकों के कल्याण के लिए तैयार की गई सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में उचित रुप से जानकारी न होने के कारण इसका लाभ यथा नियोजित एवं लक्षित संख्या में लोगों तक नहीं पहुँच पाता है। जिसके परिणाम स्वरूप सेवा वितरण प्रणाली और उपयोगकर्ता के बीच एक विशाल खाई बन जाती है। इसलिए जनसंख्या का एक बड़ा अनुपात उनके लिये बनाई गयी योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ प्राप्त करने में असमर्थ बना रह जाता है। यह सदैव योजना और कार्यक्रमों के अपेक्षित परिणामों को प्रभावित करता है तथा भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के साथ–साथ जन सामान्य मे असंतोष पैदा करता है।

प्रसंग

पंडित दीनदयाल उपाध्याय (25 सितंबर 1916–11 फरवरी 1968) एक भारतीय दार्शनिक, अर्थशास्त्री, समाजशास्त्री, इतिहासकार, पत्रकार और राजनीतिक कार्यकर्ता थे, वह एक विचारक, शासन और राजनीति के वैकल्पिक मॉडल के लिए एक मार्गदर्शक थे।

उन्होंने एकात्मक मानववाद के दर्शन की वकालत की जोकि भौतिक एवं आध्यात्मिक अवधारणा का एक संश्लेषण है, जिसमे व्यक्तिगत और सामूहिक मानववाद के साथ, भारत के कालातीत परंपराओं की प्राचीन संस्कृति को बढ़ावा देते हुए आगे बढ़ाना चाहते थे। उन्होंने आधुनिक तकनीक का स्वागत किया जोकि ग्रामीण आधार के साथ आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था और विकेन्द्रीकृत राजनीति के रुप में भारत के लिए आवश्यक थी। दूसरे शब्दों में यह भारत के लोगों के सतत–विकास का मौलिक सिद्धांत है। जब हम सतत–विकास का प्रस्ताव करते हैं तो हम युवाओं के लिये अत्यंत आवश्यक, रोजगार के लिए कौशल और उद्यमशीलता आदि युवाओं से जुड़े मुद्दों का समाधान करते हैं।

महात्मा गांधी जी के 145वीं जयंती (2 अक्टूबर 1869) पर सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए सत्य, अहिंसा और सबके विकास हेतु वर्षभर के लिए देशभर में राष्ट्र विकास में युवाओं की प्रतिभागिता हेतु जनजागृति अभियान आयोजित करने की योजना बनाई गयी है, यह 2 अक्टूबर, 2014 को आरंभ होकर 25 सितम्बर, 2015 को, मथुरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म स्थली पर उनकी सौवीं जयंती (25 सितम्बर, 2015) के अवसर पर इसका समापन होगा।

पुनर्जागरण अभियान का केन्द्र बिन्दु

इसकी विशालता और इसकी आवाज, विकेन्द्रीकरण और लोगों की भागीदारी, प्रतीकात्मकता से सहभागितापूर्ण लोकतंत्र, युवा नेता–भारत की निर्बाध प्रगति के लिए ग्रामीण क्षेत्रों, विशेष रूप से जीवंत युवा समितियों के रूप मे पड़ोस युवा संसद की स्थापना करें।

अवधारणा

अभियान का उद्देश्य

•नेहरू युवा केन्द्र के युवा मंडल और पर महिला मंडल से सम्बन्धित युवा नेताओं को राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय व गांव समुदायों और विशेष रूप से युवाओं को प्रभावित करने वाले समकालीन स्थानीय मुद्दों और साथ ही उनके निदान के उपलब्ध अवसरों के प्रति शिक्षित एवं जागरूक बनाना।

•संगठित और असंगठित क्षेत्र में आजीविका के लिए लाभकारी रोजगार और स्वरोजगार के लिए कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करने के बारे में जानकारी प्रदान करना।

•मानवता एवं समाज के लिए उच्चतम मानकों एवं स्तर पर निस्वार्थ सेवा और स्वयं सेवा लिए युवाओं को तैयार तथा प्रोत्साहित करना।

- समावेशी विकास की दिशा में युवाओं को सशक्त करना जिससे कि वे अग्रणी भूमिका निभा सकें तथा सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और सुशासन हेतु अपेक्षित परिवर्तन के लिए एक उत्प्रेरक के रुप में कार्य कर सकें।

- युवाओं मे भारतीय होने, न्यायपरस्ता, सार्वभौमिक भाईचारे और सार्वजनिक एकता के लिए गर्व तथा राष्ट्रीयता की भावना को बढ़ावा देना।

- ग्रामीण समुदाय एवं पंचायतीराज संस्थाओं, स्थानीय प्रशासन के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में **पड़ोस युवा संसद** के माध्यम से अपने अनुभवों को साझा करना एवं विशेष रुप से समाज और युवाओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करना।

- समाज के सभी वर्गों से प्रतिनिधित्व के साथ युवा क्लबों और महिला मंडल के मौजूदा नेटवर्क में वृद्धि और सुदृढ़ करना ।

- राष्ट्रीय फ्लैगशिप कार्यक्रमों का प्रचार, प्रोत्साहन एवं सहभागिता को बढ़ावा देना यथा प्रधानमंत्री जन–धन योजना, स्वच्छ भारत मिशन और निर्मल भारत अभियान के तहत शौचालय निर्माण हेतु अभिप्रेरण तथा सुविधा प्राप्त करने मे सहयोग, सांसद आदर्श ग्राम योजना में भागीदारी, सुशासन और श्रमदान को बढ़ावा देना व स्वयं प्रतिभाग करना आदि।

पुनर्जागरण के विषयगत क्षेत्र

- राष्ट्रीयता की भावना, भारतीय होने का गर्व, देश भक्ति, शांति और सार्वभौमिक भाईचारा।

- महिलाओं पर समस्त प्रकार के अत्याचार के कृत्यों को रोकना, और इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए वकालत करना एवं लगातार भाग लेना।

- स्वयं सेवा की भावना को प्रोत्साहित करना– श्रमदान गतिविधियों को आयोजित करना, वृक्षारोपण करना, स्वैच्छिक रक्तदान करना और स्वैच्छिक रक्तदाताओं का नामांकन करना।

- **गरीबी उन्मूलन** : युवाओं में स्वरोजगार और रोजगार सृजन के लिए कौशल विकास, स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) का गठन और गांव, ब्लॉक एवं जिला आधारित अवसरों पर जोर देते हुए रोजगार के अवसरों से जोड़ना, जिससे शहर की ओर हो रहा पलायन रूके।

- **सामाजिक मुद्दे** : कन्या भ्रूण हत्या, दहेज, नशीली दवाओं के सेवन और शराब, तम्बाकू नशा उन्मूलन, बाल विवाह आदि के विरूद्ध अभियान और अन्य स्थानीय मुद्दे जिसे युवा वर्ग लेना चाहता है।

- **भ्रष्टाचार मुक्त समाज** और कार्य संस्कृति की शुरूआत।

राष्ट्रीय फ्लैगशिप कार्यक्रमों का प्रचार, प्रोत्साहन एवं सहभागिता को बढ़ावा देना यथाः

•प्रधानमंत्री जन–धन योजना

•स्वच्छ भारत मिशन – स्वच्छ भारत अभियान

•निर्मल भारत अभियान के तहत शौचालय निर्माण हेतु अभिप्रेरण तथा सुविधा प्राप्त करने मे सहय

•सांसद आदर्श ग्राम योजना में भागीदारी

•सुशासन को बढ़ावा देना व स्वयं अनुशीलन करना।

•श्रमदान

पुनर्जागरण की कार्यान्वयन एजेंसी

नेहरू युवा केन्द्र संगठन (एनवाईकेएस) – प्रत्येक जिले के लिए एक नेहरू युवा केन्द्र (नेयुके) की योजना वर्ष 1972 में भारत सरकार द्वारा शुरू की गयी थी। नेहरू युवा केन्द्र संगठन, भारत सरकार की एक स्वायत्तशासी निकाय के रूप में वष 1987 में अस्तित्व में आया था जो वर्तमान में युवा कार्य विभाग, युवा मामले और खेल मंत्रालय के अधीन कार्य कर रहा है। 1972 के बाद से, नेहरू युवा केन्द्रों की मौजूदा संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है, जो देश के कुल 623 जिलों में सक्रिय कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा 623 जिले मे स्थापित नेहरू युवा केन्द्रों का प्रबंधन और प्रशासन चलाने के लिए एनवाईकेएस द्वारा भारत के 29 राज्यों में मण्डल कार्यालय स्थापित किये गये है।

जनपद स्तर पर, अध्यक्ष के रूप में जिला कलेक्टर के साथ युवा कार्यक्रम (डीएसीवाईपी) के लिए जिला सलाहकार समिति जिला योजना के साथ एनवाईकेएस की गतिविधियों को जोड़ने में मदद करता है। इसी तरह, अध्यक्ष के रूप में राज्य में युवा मामलों के मंत्री के साथ राज्य सलाहकार समिति राज्य की प्राथमिकताओं के साथ एनवाईकेएस कार्यक्रमों समेकित करने में मदद करता है।

एनवाईकेएस का प्रमुख उद्देश्य, देश के ग्रामीण युवाओं को प्रेरित, गतिशील, संगठित करना और गांव आधारित युवा मंडलों के रूप में लोकतांत्रिक संस्थागत तंत्र विकसित करने के लिए उनकी क्षमता को बढ़ाना है। यह उत्पादक और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए उन्हें विकसित और सशक्त करता है कि वे स्वैच्छिक, न्यायपरस्ता और धर्मनिरपेक्षता की भावना के साथ सामुदायिक विकास की गतिविधियों और राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी से कार्य करने के लिए स्थानीय नेतृत्व संभालें।

एनवाईकेएस की मुख्य ताकत 13–35 वर्ष के आयु वर्ग में लगभग 8 लाख स्वयंसेवकों की सम्बद्धता के साथ भारत भर में 2.81 लाख ग्राम स्तर युवा मंडल का संजाल है। इसके अलावा, 9717 मेंटर युवा मंडल हैं। इन युवा क्लबों, केंद्रों और जिला एनवाईकेएस के बीच 12,000 राष्ट्रीय युवा कोर के स्वयंसेवक बल है जिनकी सहायता और भागीदारी से एनवाईकेएस अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने का लक्ष्य रखता है।

इसके ग्रामीण युवा आधारित समूह नेहरू युवा केन्द्र संगठन के माध्यम से भारत सरकार के निर्धारित उद्देश्यों को प्राप्त करने हेतु देश भर में जिला केंद्रों के बीच समान रूप से कोर कार्यक्रम वितरित करते हैं, युवा विकास और सशक्तिकरण के लिए बने, युवा मामले और खेल मंत्रालय की योजनाओं को लागू करने के अतिरिक्त केन्द्र के मंत्रालयों और विभागों, राज्य सरकारों और संयुक्त राष्ट्र संघ आदि अन्य विकास एजेंसियों के साथ समन्वय और सहयोग से विशेष कार्यक्रम और परियोजनाएं संचालित करता है।

एनवाईकेएस और इसकी क्षेत्रीय इकाइयों के विशाल नेटवर्क के उपयोग में एक बदलाव शुरू हो गया है। एनवाईकेएस ने हाल ही में एक ऐसी भूमिका, जिसमे भारत सरकार के साथ–साथ राज्य सरकारों के साथ तालमेल और प्रयासों का अभिसरण, प्रमुख पहल के रूप मे लिया है। युवा मंडल और राष्ट्रीय युवा कोर स्वयं सेवक अब विभिन्न कार्यक्रमों, भारत सरकार और राज्य सरकारों की योजनाओं तक पहुंच के लिए पर्याप्त अवसर औरउपयुक्त मंच प्रदान करते हैं।

नेहरू युवा केन्द्र के साथ जुड़े युवा न केवल प्रेरित, सामाजिक रूप से जागरूक हैं, बल्कि स्वैच्छिक प्रयासों के माध्यम से सामाजिक विकास के काम की ओर भी अग्रसर हैं। इन सभी वर्षों के लिए, एनवाईकेएस की गतिविधियां युवा मंडलों, महिला मंडलों और गांव समुदायों की सक्रिय भागीदारी और आर्थिक एवं गैर आर्थिक विकास के साथ गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों सहित कल्याण की गतिविधियों दोनों पर केंद्रित रही हैं। हालांकि, बहुत अधिक किया जाना अभी शेष है।

लक्षित समूह

किशोरों, युवाओं और उनकी मार्गदर्शक मंडली के साथ–साथ शिक्षकों, अभिभावकों, स्थानीय राजनीतिक और धार्मिक नेताओं, महिलाओं के समूहों पर विशेष ध्यान देने के साथ आम जनता, गांव समुदायों के सदस्यों, पंचायती राज संस्थायें और दूसरे हितधारकों के साथ–साथ विभिन्न स्तरों पर सेवा प्रदाता आदिं।

अभियान की अवधि। 2 अक्टूबर 2014 से 25 सितंबर, 2015

अनुदान एजेंसी/पोषक संस्था

युवा मामले विभाग, युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार।

समन्वय और सहयोगी एजेंसियां

कार्यान्वयन की प्रक्रिया मे राष्ट्रीय युवा संगठन अर्थात राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी), भारत स्काउट और गाइड (बीएसजी) को अपने राज्य में और जिलों मे **पुनर्जागरण** अभियान के उद्देश्यों को प्राप्त करने की दिशा में उनकी सक्रिय भागीदारी और योगदान के लिए शामिल किया जाना चाहिए। क्षेत्र मे गतिविधियों के क्रियान्वयन के स्तर और अपेक्षित सहयोग की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए अभियान की सफलता के लिए नीचे उल्लेख किये गये हितधारकों के साथ समन्वय किया जाना चाहिए। युवा नेताओं, जिला युवा समन्वयक/राष्ट्रीय युवा कोर को अपने प्रयास से, गांव, जिले स्तर के कार्यक्रमों हेतु सहयोगी एजेंसियों से समन्वय कर धन और संसाधन जुटाना चाहिए।

ग्राम स्तरः गांव सलाहकार समिति के माध्यम से ग्राम पंचायतों, युवा मंडलों, महिला मंडलों, मेंटर यूथ मंडल, महिला समूह, ग्राम प्रवक्ताओं, स्थानीय धार्मिक और राजनीतिक नेताओं, गैर सरकारी संगठनों, आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम सेवक आदि।

जिला स्तरः युवा कार्यक्रम पर जिला सलाहकार समिति के माध्यम से जिलाधिकारी जिसमे लगभग, विकास विभागों और दूसरों सभी विभागों के प्रमुख शामिल हैं जैसे जिला जन संपर्क कार्यालय, गीत और नाटक प्रभाग, भारत सरकार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला मास मीडिया और शिक्षा अधिकारी, जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण इकाइयों, जल एवं स्वच्छता, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी और जिला परिषद के अतिरिक्त विभिन्न संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों (जिलों में काम कर रहे), गैर सरकारी संगठन और उद्योग क्षेत्र आदि।

राष्ट्रीय और राज्य स्तर परः चयनित विषयगत क्षेत्रों और मुद्दों पर कार्यरत, संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों, कॉर्पोरेट सेक्टर, राष्ट्रीय गैर सरकारी संगठनों और अन्य के साथ विभिन्न मंत्रालय और विभाग।

कार्यान्वयन की रणनीति, गतिविधियां और समय सीमा

समय सीमा अनुबंध– 1 में दी गयी हैं

पुनर्जागरण के चार मार्गों पर जिलों, प्रखंडों और गांवों को चिन्हित करना

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 100 वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारत के 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश से कुल 100 जिलों को गतिविधियों से सीधे आच्छादित किया जाएगा। कार्यक्रम 2 अक्टूबर 2014 (गांधी जयंती) पर, देश के चार जिलों से, जो देश के अन्तिम छोर पर स्थित हैं, एक साथ शुरू किया गया है,जम्मू और कश्मीर (उत्तर) में लेह, तमिलनाडु, (दक्षिण) कन्याकुमारी, गुजरात (पश्चिम) में ओखा एवं अरुणाचल प्रदेश (नॉर्थ ईस्ट)में रोइंग। मथुरा (उत्तर प्रदेश) में 25 सितंबर, 2015 को समापन किया जाएगा। चारो मार्गों में से प्रत्येक पर जिलों के राज्यवार नाम अनुबंध –2 में दिए गए हैं।

यात्रा मार्ग नक्शा देश के चार अलग अलग कोनों से 100 जिलों को कवर करने के लिए विकसित किया गया है, जिसका समापन मथुरा मे होगा। मार्ग मे पडने वाले जिलों को चिन्हित कर मैप मे अंकित किया जा चुका है। प्रत्येक जिले में, एनवाईके यूथ मंडल और महिला मंडलों वाले सौ गांवों की पहचान कर नक्शा बनाना और उल्लेख किये गये विषयगत क्षेत्रों के तहत निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये निर्धारित कार्यक्रम, अभियान और गतिविधियां आयोजित की जाएगी। यहां उल्लेखनीय है कि चयनित जिलों, ब्लॉक और गांव एक दूसरे से जुड़े होने यानी सीमायें लगी होनी चाहिए। इसके अलावा, एक जिले का कार्यक्रम हेतु चयनित गांव अगले जिले के निर्धारित रूट के गांव के साथ लिंक हो।

प्रत्येक जिले में, ब्लॉक और उनके लक्षित संख्या 100 गांवों को इस तरह से चुना जाना चाहिए कि जिले में यह अलग–अलग हिस्सों और जिले के कोनों को आच्छादित करता हो। इस से पहले, युवा समन्वयक को जिले के चयनित ब्लॉक में मौजूदा सक्रिय युवा मंडलों और महिला मंडलों की संख्या पर, जिला नेयुके यूथ मंडल सर्वेक्षण और महिला मंडलों डेटा और रिकॉर्ड का सम्यक अध्ययन करना चाहिए। रणनीतिक तौर पर नेयुके को ऐसे गांवों का चयन करना चाहिये जहां सक्रिय युवा मंडल हो या जिन गांवों में युवा स्वैच्छिक, सहयोग और स्व–सहायता की भावना के साथ परियोजना के सुचारू कार्यान्वयन में मदद कर सकता है।

इस के अलावा, इस तरह के गांवों को वरीयता दी जानी चाहिए जो पिछड़े हैं और विषयगत क्षेत्रों के बारे में जागरूकता का स्तर कम है और जहॉ इस तरह के कार्यक्रम पूरी ताकत और बल के साथ नहीं पहुंचे हैं।

इस प्रक्रिया के बाद अंत मे चयनित जिले व विकास खण्ड के अनुसार युवा मंडल और महिला मंडलों की सूची और उनके गांवों के पते का आबंटन राष्ट्रीय युवा कोर को क्षेत्रवार अनुबंध–3 में तैयार किया जायेगा। इसके बाद मंडल निदेशक समेकित रूप मे राज्यवार जिला और चयनित ब्लॉक और इस परियोजना के तहत लिये गये युवा मंडलों और महिला मंडलों और उनके गांवों के पते सहित, गतिविधियों के अच्छी तरह से आयोजन के लिए सुविधा प्रदान करने वाले, ऐसे संसाधन व्यक्तियों और संपर्क व्यक्तियों के गांव वार नाम, जिनसे उनके सहयोग की पुष्टि प्राप्त हो चुकी है तथा एनवाईकेएस मुख्यालय नई दिल्ली के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए चयनित और आमंत्रित प्रमुख हित धारकों की सूची प्रस्तुत करेंगे। यह अभ्यास 10 जनवरी 2015 तक पूरा किया जाना चाहिए।

पुनर्जागरण के कार्यान्वयन की प्रक्रिया के दौरान सभी राष्ट्रीय युवा कोर की सेवाओं का लाभ उठाया जाना चाहिये। एक जिले में राष्ट्रीय युवा कोर की संख्या के आधार पर गांवों की संख्या उन्हें आवंटित कर प्रभारी बनाया जा सकता है। राष्ट्रीय युवा कोर को परियोजना के उद्देश्यों, कार्यान्वयन योजना, रणनीतियों और गतिविधियों के बारे में शिक्षित किया जाना चाहिए और परियोजना के बारे में जानकारी दी जानी चाहिये। इन्हे प्रोत्साहित किया जाय कि ये युवा समन्वयक के मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण के अंतर्गत और यूथ मंडल/महिला मंडल आधार पर लक्षित गांव मे सहयोग के साथ गांव स्तरीय परियोजना की गतिविधियों के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदारी स्वयं लेने के लिए प्रेरित हों।

2. कार्यान्वयन के लिए कार्य योजना विकास और रणनीति निर्धारण हेतु ब्रेन स्टोरमिंग कार्यशाला

यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि कार्यान्वयन मे सभी स्तरों पर सक्रिय रूप से जिम्मेदार और भागीदार लोग नियोजन, क्रियान्वयन, पर्यवेक्षण और निगरानी की पूरी प्रक्रिया से अच्छी तरह से वाकिफ हों और उन्हे विधिवत जानकारी दी जाय। इसलिए, 10 व 11 नवंबर 2014 को दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला की तर्ज पर, संबंधित मंडल निदेशकों द्वारा रणनीति की स्थापना और जिले में पुनर्जागरण यात्रा के क्रियान्वयन के लिए समय सीमा के साथ कार्य योजना विकसित करने के लिए 15 व 16 जनवरी 2015 के बीच दो दिन की ब्रेन स्टोरमिंग कार्यशाला आयोजित किया जाना चाहिए इस अवसर को कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करने के लिए भी इस्तेमाल किया जाना चाहिये। मेजबान राज्य के मंडल निदेशक, निम्नलिखित के अनुसार आमंत्रण और कार्यशाला आयोजन की व्यवस्था करेंगे।

1. गुवाहाटी में असम और अरुणाचल प्रदेश
2. बंगलौर में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल
3. पटना में बिहार और पश्चिम बंगाल
4. गांधीनगर में गुजरात और राजस्थान
5. चंडीगढ़ में दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू–कश्मीर और पंजाब
6. भोपाल में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र
7. लखनऊ में उत्तर प्रदेश

यह कार्यशाला प्रमुखतया अनुबंध –4 में दिए गए निर्धारित प्रारूप पर राज्य और जिला कार्य योजनाओं को अंतिम रूप देने के लिए किया जाएगा। यह संबंधित मंडल निदेशक की जिम्मेदारी होगी तथा उन्हे यह भी सुनिश्चित करना होगा कि कार्यशाला होने की तारीख से एक सप्ताह में अंतिम रूप से तैयार राज्य और जिला कार्य योजनाओं की प्रतियां एनवाईकेएस मुख्यालय को प्रस्तुत कर दी जांय।

कार्यशाला के दौरान निम्नलिखित बिन्दुओं और दिशा निर्देशों में उल्लेखित अन्य पहलुओं पर चर्चा की जानी चाहिए और निश्चित समय सीमा के भीतर कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए रणनीति को अंतिम रूप दिया जाना चाहिए ।

- अच्छी तरह से अग्रिम में, इस कार्यशाला से पहले ही युवा समन्वयकों को पुनर्जागरण प्रस्ताव और दिशानिर्देश के बारे में बता दिया जाना चाहिए। जिससे वे तैयारी के साथ कार्यशाला मे आयें और निर्धारित प्रारूप अनुबंध–3 पर शामिल किए जाने वाले 100 गांवों की सूची और अन्य विवरण भी साथ लायें।
- पुनर्जागरण परियोजना और यात्रा पर जिला युवा समन्वयको का अभिमुखीकरण।
- गांवों को अंतिम रूप देने और प्रत्येक जिले में मार्ग निश्चित करना और पुनर्जागरण यात्रा के मार्ग पर अगले जिले के गांव के साथ पिछले गांव की कड़ी सुनिश्चित करना।
- जिले के चिन्हित गांवों में कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन के लिए अपनायी जाने वाली रणनीति और समय सीमा।
- गांव और जिला स्तर पर इस कार्यक्रम की गतिविधियों की अवधि और कार्यान्वयन रणनीति और गतिविधियों के प्रकार (अभियान, अभियान पूर्व के वातावरण निर्माण, मीडिया और प्रचार गतिविधियों, जागरूकता और पड़ोस संसद, जिला सम्मेलन का शुभारंभ) आदि। इस प्रयोजन के लिए गांव स्तरीय गतिविधियों के लिए एक माडल कार्यक्रम अनुसूची विकसित किया जाना है, जो जरूरत के अनुसार संशोधन के साथ अन्य गांवों के लिए भी अपनाया जा सकता है।
- राज्य सरकार और जिला प्रशासन द्वारा कार्यान्वित योजनाओं और कार्यक्रमों के संग्रह कर एक विवरणिका विकसित करना जिसे अभियान की गतिविधियों के दौरान वितरण के लिए, स्थानीय भाषा मे मुद्रित कराना है।
- अन्य स्रोतों से आर्थिक संसाधन जुटाना।
- राज्य, जिला और पंचायत स्तर पर समर्थन बैठकों का आयोजन।
- अभियान पूर्व शुरूआत और वातावरण निर्माण और निर्धारित फार्मेट में डेटा और जानकारी का संग्रह
- अभियान शुरू करने के लिए चयनित युवाओं को प्रशिक्षण
- प्रतिभागियों, कार्यक्रमों के प्रकार और उनकी संख्या।
- आईईसी गतिविधियों, मीडिया और प्रचार गतिविधियों
- योजना, रसद और कार्यान्वयन के तौर तरीके।
- अन्य विभागों, एजेंसियों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, उद्योग, गैर सरकारी संगठनों, युवा मंडल, एनएसएस, एनसीसी और दूसरों से धन, संसाधनों और समर्थन जुटाने के लिए समन्वय और रणनीतियां।
- विभिन्न स्तरों पर भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को परिभाषित करना।
- 100 गांवों की कार्य योजनाओं पर आधारित समेकित जिला कार्य योजना का विकास।
- जिला यूथ कन्वेंशन के आयोजन से एक जिले में यात्रा का समापन।
- निगरानी और पर्यवेक्षण
- रिपोर्टिंग और प्रलेखन
- अनुश्रवण के तरीके।
- दिशा–निर्देशों में उल्लेख किये गये अन्य महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश।

नियमित कार्यक्रमों के लिये निर्धारित बजट का संगठनात्मक खर्च का मद, राज्य स्तरीय बैठकों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। यह अवसर एनवाईकेएस के कार्यक्रमों, योजनाओं और अन्य मामलों की समीक्षा करने के लिए भी इस्तेमाल किया जाना चाहिए। अधिकारियों के टीए और डीए एनवाईकेएस के नियमों के अनुसार बुक किया जा सकता है।

3. राज्य, जिला और पंचायत स्तर समर्थन/संवेदीकरण बैठक

कार्यक्रम के वास्तविक क्रियान्वयन से पहले, राज्य, जिला और पंचायत स्तर पर आयोजन समितियों का गठन किया जाना चाहिए। मूल उद्देश्य एक तरफ समर्थन और संसाधन जुटाना तथा दूसरी तरफ निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के साथ, प्रभावी कार्यान्वयन का उचित कार्यक्रम नियोजन, समन्वय, कार्यान्वयन, पारदर्शिता और निगरानी सुनिश्चित करना है। यह रणनीति विभिन्न स्तरों पर सभी हित धारकों के बीच अभिसरण के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका भी निभायेगी इसके अलावा राज्य, जिला और पंचायत स्तर के विकास एजेंसियों और एनवाईकेएस के बीच की कड़ी को सुदृढ करने मे सुविधा होगी। राज्य और जिला समितियों की पहली बैठक जनवरी 2015 के अंतिम सप्ताह के दौरान आयोजित किया जाय।

अः राज्य आयोजन समितियों

पुनर्जागरण हेतु चयनित प्रत्येक राज्य में राज्य आयोजन समिति, नियोजन और चयनित परियोजना को लागू करने के लिए गठित किया जाना चाहिए। राज्य आयोजन समिति राज्य के मुख्य सचिव के साथ परामर्श कर, मंडल निदेशक द्वारा गठित किया जाना चाहिए। राज्य स्तरीय समिति के सदस्यों मे संबंधित विभागों के सचिवों को शामिल किया जा सकता है, जो पुनर्जागरण परियोजना की गतिविधियों के सफल आयोजन और अनुश्रवण यथा जिला कार्य योजनाओं के कार्यान्वयन में प्रत्यक्षतया सहायक हो सकते हैं। प्राथमिकता और आवश्यकता के अनुसार मंडल निदेशक द्वारा सदस्यों को राज्य के मुख्य सचिव के साथ परामर्श कर चुना जा सकता है। समिति मे राज्य सरकार के विभिन्न विभागों और प्रमुख गैर सरकारी संगठनों से मिलाकर 12–15 सदस्य रखे जा सकते हैं। समिति की बैठक दो महीने में एक बार या राज्य में पुनर्जागरण परियोजना के अनुश्रवण, मार्गदर्शन, संसाधन, समर्थन प्रदान के लिए आवश्यकतानुसार की जा सकती है। राज्य आयोजन समिति की बैठक की रिपोर्ट के लिए अनुबंध–5(i) देखें।

बः जिला आयोजन समिति/युवा कार्यक्रम पर जिला सलाहकार समिति

प्रत्येक जिले में नेयुके, युवा कार्यक्रम पर जिला सलाहकार समिति (डीएसीवाईपी) पहले से ही कार्य कर रहा है और इसकी बैठकें नियमित आधार पर बुलाई जाती हैं। जिला युवा समन्वयक जिला में पुनर्जागरण अभियान के संगठन के उद्देश्य के लिए विशेष डीएसीवाईपी की बैठक के लिए कोर कार्यक्रम के तहत डीएसीवाईपी के दिशा निर्देशों का उल्लेख कर सकते हैं। इस प्रयोजन के लिए, डीएसीवाईपी सदस्यों के अलावा, जिला लोक संपर्क अधिकारी, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी की तरह विभागों के अन्य प्रमुखों, जिला मास मीडिया अधिकारी, संवाददाता ऑल इंडिया रेडियो, जिला खेल अधिकारी, जन स्वास्थ्य, जल और स्वच्छता अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, गैर सरकारी संगठनों के प्रमुखों और व्यावहारिक रूप से इस परियोजना के सफल कार्यान्वयन में मदद कर सकने वाले अन्ये दूसरे लोग उपायुक्त/जिलाधिकारी के साथ परामर्श कर शामिल किया जा सकता है।

ऊपरोक्त कार्यवाही के बाद, युवा समन्वयक पुनर्जागरण परियोजना के बारे में, इन दिशा–निर्देशों की प्रति उपलब्ध कराते हुये उपायुक्त/जिलाधिकारी (जो युवा कार्यक्रम पर जिला सलाहकार समिति के अध्यक्ष भी है) को अवगत भी कराना चाहिए। युवा समन्वयक द्वारा इस परियोजना के लिए एक विशेष बैठक बुलाने के लिए डीएसीवाईपी के अध्यक्ष से अनुरोध करना चाहिए।

बैठक के दौरान जिला सलाहकार समिति के सदस्यो को पुनर्जागरण परियोजना के बारे में जानकारी दी जाय और इसके दिशा निर्देशों और परियोजना सारांश की प्रति भी उपलब्ध करायी जाय। इसके अलावा परियोजना के विवरण, व्यापक कार्यान्वयन की योजना, ब्लॉक और गांवों के चयन के साथ ही भविष्य की रणनीति पर विचार–विमर्श किया जाना चाहिए। बैठक के दौरान ठोस परिणाम और स्थिरता के साथ निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए समन्वय पर चर्चा और सहायता प्रदान करने वाले विभागों और एजेंसियों की पहचान और समन्वय के स्वरूप को अन्तिम रूप दिया जाना चाहिये।

समय को बचाने के क्रम में, डीएसीवाईपी बैठक से पहले ही, युवा समन्वयक को 100 गांवों की कार्य योजनाओं के आधार पर विकसित, भविष्य की कार्य योजना के कार्यान्वयन मे संसाधन, सहयोग सुनिश्चित करने हेतु, गांवों की सूची और संबंधित विवरण (अनुबंध–3) और ब्रेन स्टोरमिंग कार्यशाला के दौरान अंतिम रूप से तैयार, कार्य योजना (अनुबंध –4) समस्त सम्बन्धित को उपलब्ध करा देना चाहिये। जिससे वे बैठक मे संसाधन और सहयोग के सम्बन्ध मे तैयारी के साथ आयें। जिला आयोजन समिति पर रिपोर्ट करने के लिए अनुबंध–5(ii) देखें।

पंचायत/ग्राम आयोजन समितियांः

जमीनी स्तर पर पर्यवेक्षण, निगरानी, मार्गदर्शन और सहयोग के लिए, पुनर्जागरण पर ग्राम स्तरीय समितियों नामक गांव सलाहकार समिति (ग्राम आयोजन समिति), चयनित पंचायत/गांवों में से प्रत्येक में ग्राम पंचायत प्रधान की अध्यक्षता में गठित किया जाना चाहिए। आयोजन समिति के सदस्यों मे युवा मंडल के अध्यक्ष, स्थानीय धार्मिक नेताओं, स्कूल/कॉलेज शिक्षक, एनएसएस, एनसीसी, ग्रामसेवक, ग्राम में भारत स्काउट एंड गाइड्स, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता, महिला कार्यकर्ता, युवा विकास के लिए काम कर रहे, युवा मंडल और स्थानीय गैर सरकारी संगठन के प्रतिनिधि आदि लिये जा सकते हैं। नेयुके के राष्ट्रीय युवा कोर स्वयंसेवक ग्राम आयोजन समिति के सदस्य सचिव होंगे।

समिति के प्रस्तावित सदस्यों के अलावा, अन्य व्यक्तियों और अधिकारियों को भी समिति के अध्यक्ष के साथ परामर्श कर समिति में शामिल किया जा सकता है जो व्यावहारिक रूप से इस परियोजना के सफल कार्यान्वयन में मदद कर सकते हैं। यह प्रत्येक समिति की पहली बैठक के उपरांत किया जाना चाहिए। बैठक के दौरान, वर्तमान में स्थिति, परियोजना विवरण, कार्य योजना, कार्यान्वयन की व्यापक योजना और भविष्य की रणनीति पर विचार–विमर्श किया जाना चाहिए। बैठक की कार्यवाही राष्ट्रीय युवा कोर के द्वारा लिखी जायेगी और जिला नेयुके के रिकॉर्ड में रखा जाना चाहिए।

ग्राम आयोजन समिति, गांव समुदायों, अभियान पूर्व वातावरण निर्माण, घरेलू शौचालय की गैर मौजूदगी का प्रामाणिक आंकड़ा संग्रहण, पुनर्जागरण यात्रा की गतिविधियों के आयोजन यथा रैली,समूह चर्चा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, लघु नाटिका, नुक्कड नाटक और जागरूकता विकसित करने के कार्यक्रम और पड़ोस संसद के दौरान विकसित की गयी कार्य योजना के कार्यान्वयन मे सहायक होगी। गांव सलाहकार समिति के बैठक की रिपोर्ट करने के लिए अनुबंध 5(iii) देखें। गांव सलाहकार समिति की बैठक की जिलेवार विवरण हेतु अनुबंध –5 (iv)पर किया जाना है।

4. **अभियान टीम नायकों का प्रशिक्षण**

इन 100 जिलों में से प्रत्येक में, नेतृत्व के गुण और 60 दिन समर्पित कर सकने वाले, 50 उत्साही, प्रेरित और शिक्षित युवाओं का चयन किया जाना है और उन्हे एक बैच में 7 दिन का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। उन्हे अच्छी तरह से पुनर्जागरण विषयगत विषयों पर शिक्षित और गांव स्तर पुनर्जागरण यात्रा की गतिविधियों में उत्कृष्ट दायित्व निर्वहन/प्रदर्शन करने के लिए आवश्यक कौशल से लैस एवं उन्मुख किया जाना चाहिए। पुरुष और महिला प्रतिभागिता अनुपात आदर्श रूप मे 1:1 होना चाहिए। इस प्रशिक्षण के दौरान राष्ट्रीय युवा कोर को भी शामिल किया जाना चाहिए।चयनित **अभियान टीम नायकों** के लिए रिपोर्टिंग प्रारूप अनुबंध– 6 (i) में है।

पहले स्लॉट के जिलों के लिए समय सीमा के अनुरूप फरवरी के पहले सप्ताह तक प्रशिक्षण पूरा किया जाना चाहिए। रिपोर्ट केलिये देखें अनुबंध – 6 (ii)।

• जिला युवा समन्वयकों के प्रशिक्षण देने वाली एजेंसियों, संदर्भ व्यक्तियों और विशेषज्ञों तथा आईईसी सामग्री उपलब्ध कराने या मार्गदर्शन और वर्णित विषयों पर प्रशिक्षण की सामग्री विकसित/उपलब्ध कराने मे सहयोग करने वालों की पहचान करें और फिर आगे विषयगत क्षेत्रों के स्थानीय विशेषज्ञों के परामर्श से और सुधार करना चाहिये। इसके अलावा एक सार्थक और प्रभावी क्षमता निर्माण के लिये इन दोनों ही विकल्पों के मिश्रण को भी अपनाया जा सकता है।

•जिला युवा समन्वयक द्वारा ऐसे स्थल का चयन करना चाहिये, जहां प्रशिक्षण गतिविधियों का सफल आयोजन किया जा सकता है। उदाहरण के लिए जहां पुरुष और महिला प्रतिभागियों के लिये भोजन एवं आवास, प्रशिक्षण हेतु बुनियादी ढांचा, शिक्षण–प्रशिक्षण के उपस्कर और उपकरणों, बिजली पावर बैकअप के साथ, पानी, साफ–सफाई और अन्य सुविधाएं आदि उपलब्ध हों।

• गांव और जिला स्तर की गतिविधियों और उनके बेहतर परिणाम के लिये पहले से ही अच्छी तरह से प्रशिक्षण एजेंसी या संदर्भ व्यक्तियों के समूह की पहचान सुनिश्चित कर लेना चाहिये, और प्रशिक्षण प्रदाताओं को उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी जानी है।

• प्रत्येक जिला युवा समन्वयक को समय से तिथि, स्थान और अन्य विवरण, प्रतिभागियों और संसाधन व्यक्तियों को सूचित करना चाहिए ताकि वे पूर्ण तैयारियों के साथ इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सक्षम हो सकें।

• प्रशिक्षण कार्यक्रम, प्रशिक्षण विषयों और विषयों की सामग्री,चिन्हित विशेषज्ञों और कार्यक्रम के संदर्भ व्यक्तियों के साथ परामर्श से तैयार किया जाय। प्रशिक्षण सामग्री के लिये सुझाव नीचे दिए गए हैंः–

- ❖ पुनर्जागरण यात्रा, गतिविधियों और कार्यक्रमों के विवरण।
- ❖ यात्रा का मार्ग, बुनियादी ढांचे और सम्भावित परिणाम।
- ❖ चयनित युवाओं की भूमिका और जिम्मेदारियां।
- ❖ युवा नेतृत्व
- ❖ कैसे एक बैठक/समूह चर्चा का संचालन किया जाय।
- ❖ सार्वजनिक व्याख्यान देना और सवालों के जवाब देना।
- ❖ सम्वाद कौशल
- ❖ पुनर्जागरण के विषयगत क्षेत्रों के बारे में विस्तृत ज्ञान और जानकारी देना यथा राष्ट्रवाद, महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास, स्वच्छ भारत, जन धन योजना, राष्ट्रवाद, देशभक्ति और, भारतीय होने का गौरव, स्वयंसेवा की भावना को बढ़ावा देना, श्रम दान के आयोजन, सामाजिक मुद्दों जैसे, नशीली दवाओं के सेवन की रोकथाम, युवाओं के बीच स्वरोजगार और रोजगार सृजन के लिए कौशल विकास, भ्रष्टाचार मुक्त समाज और कार्य संस्कृति की शुरूआत।
- ❖ गांव स्तरीय बैठक का संचालन कैसे करें।
- ❖ गांव कार्य योजना का निर्माण।
- ❖ रिपोर्टिंग और प्रलेखन

जिला युवा समन्वयक जिले मे राष्ट्रीय युवा कोर के साथ चयनित युवाओं के प्रशिक्षण आयोजित करने हेतु, विषय आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन गीत और नाटक प्रभाग, आल इंडिया रेडियो, क्षेत्रीय प्रचार कार्यालय और स्थानीय सांस्कृतिक संगठन के कलाकारों की मदद से नुक्कड नाटक, कठपुतली, नृत्य और समूह गीत का प्रयास करेंगे।

क्रिया विधि

प्रशिक्षण पूर्णतया सहभागी होना चाहिए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में निम्नलिखित तरीके अपनाये जा सकते हैंः

•आइस ब्रेकिंग

•विशेषज्ञों द्वारा विषयों पर व्याख्यान

•समूह चर्चा

- समूह आख्या, लेखन एवं प्रस्तुति
- रोल प्ले
- ओपन हाउस चर्चा
- प्रश्नोत्तरी सत्र
- नेबरहुड पार्लियामेंट का पूर्वाभ्यास
- प्रतिदर्श कार्ययोजना विकास का अभ्यास
- गृह कार्य

प्रशिक्षण में प्रयुक्त होने वाली सन्दर्भ सामग्री, प्रशिक्षण से पूर्व ही विभिन्न विकास से सम्बन्धित विभागों के कार्यक्रमों व विकास योजनाओं के विवरण के साथ विषय विशेषज्ञों एवं संदर्भ व्यक्तियों के सहयोग से पुस्तिका के रूप में संकलन कर मुद्रित करा लें। उपरोक्त संदर्भ सामग्री की पुस्तिका तथा प्रशिक्षण समय सारिणी, प्रतिभागियों के मध्य प्रशिक्षण में आने से पूर्व ही वितरित कर दें ताकि वे सम्बन्धित विषयों की अग्रिम तैयारी कर सकें।

5 – प्रेस एवं मीडिया अभियानः– अभियान के प्रचार एवं इसके लाभ को जन समुदाय तक पहुॅचाने के लिए **राष्ट्रीय, राज्य एवं जनपद स्तरीय** मीडिया के प्रतिनिधियों के साथ प्रेस कान्फ्रेंस किया जाना अत्यन्त महत्वपूर्ण होगा। पुनर्जागरण

परियोजना का सारांश व विवरण (यथासम्भव हैंड बिल/ब्रोशर के रूप में) आमन्त्रित मीडिया से सम्बन्धित व्यक्तियों के मध्य कम से कम एक दिन पूर्व अवश्य वितरित करें। इस कार्य के लिए पहले ही व्यवस्थित तैयारियॉ कर लेनी चाहियें तथा प्रथम प्रेस मीट 10 फरवरी, 2015 से पूर्व की जानी चाहिये। इसके उपरान्त 02 माह बाद तथा यात्रा समापन से पूर्व भी प्रेस मीट की जानी चाहिये। विभिन्न संचार माध्यमों के प्रतिनिधियों को प्रतिदिन रिपोर्ट में लिए ग्राम स्तर पर अभियान के प्रचार प्रसार हेतु जोडा जाना चाहिये।

जिला स्तरीय प्रेस कान्फ्रेंसः–जनपद में पुनर्जागरण यात्रा की गतिविधियॉ शुरू होने से पहले ही जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कार्यक्रम के व्यापक प्रचार प्रसार के मद्देनजर जिला स्तरीय प्रेस कान्फ्रेंस संयोजित की जानी चाहिये। इस प्रेस कान्फ्रेंस का समन्वयन सम्बन्धित जिला युवा समन्वयक,जिला आयोजन समिति के सहयोग से करेंगे। जिला युवा समन्वयक प्रेस कान्फ्रेंस में जिला प्रशासन के अधिकारियों स्थानीय विभिन्न प्रेस और मीडिया के प्रतिनिधियों एवं जिला जन सम्पर्क अधिकारी के सहयोग से बैठक को संचालित करने का प्रयास करेंगें। कृपया जनपद स्तरीय मीडिया एवं प्रचार अभियान की रिपोर्ट अनुबनध 7(1) के अनुरूप अभिलिखित करें।

इसी प्रकार **राज्य स्तरीय प्रेस कान्फ्रेंस** राज्य के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित की जानी चाहिये। ताकि पुनर्जागरण अभियान एवं इससे सम्बन्धित विभिन्न गतिविधियों को यथोचित प्रचार प्रसार मिल सके। यह आयोजन मण्डल निदेशक द्वारा राज्य आयोजन समिति के सहयोग से किया जायेगा। मण्डल निदेशक प्रेस कान्फ्रेंस का अयोजन राज्य के मुख्य सचिव, राज्य जनसम्पर्क अधिकारी, सूचना निदेशक तथा इलेक्ट्रॉनिक व प्रिन्ट मीडिया के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित करेंगे।

कृपया अनुबन्ध 7(2) राज्य स्तरीय मीडिया एवं प्रसारण अभियान की रिपोर्टिंग के लिए देखें।

राष्ट्रीय स्तरः– राष्ट्रीय स्तर पर पुनर्जागरण के प्रचार हेतु प्रेस कान्फ्रेंस का आयोजन युवा कार्य एवं खेल मन्त्रालय भारत सरकार, पीआईबी, प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों के साथ आहुत की जायेगी। इस बैठक का आयोजन पुनर्जागरण अभियान की विभिन्न गतिविधियों के प्रचार हेतु युवा कार्य एवं खेल मंत्री की अध्यक्षता में किया जायेगा ।

मीडिया एवं प्रचार प्रसारः– लोगों तथा मस्कटः– सम्बन्धित मण्डल निदेशकों के साथ 02 दिवसीय कार्यशाला के दौरान चर्चा के अनुरूप यह विचार व्यक्त किया गया कि पुनर्जागरण परियोजना का लोगो नेहरू युवा केन्द्र संगठन के लोगो के साथ विकसित किया जाना चाहिये। यही लोगो विभिन्न प्रकार के प्रचार प्रसार सामग्री, बैनर तथा बैज आदि में उपयोग किया जाना चाहिये।

विज्ञापन तथा प्रचार–प्रसार अभियानः– पुनर्जागरण अभियान का व्यापक प्रचार तथा विज्ञापन टीवी, रेडियों, स्वतंत्र चैनल, समाचार चैनल, आकाशवाणी/एफएम रेडियो सिनेमाहाल आदि के माध्यम से किया जाना चाहिये।

प्रचार सामग्री जैसे पोस्टर, बैनर्स ब्रोशर, स्टीकर, बैजेज फिल्म तथा डॉक्यूमेंटरी प्रदर्शन, दीवार नारा लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता, प्रदर्शनी तथा विभिन्न स्तरों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, फील्ड पब्लिसिटी विभाग एवं भारत सरकार के गीत एवं नाट्य प्रभाग के सहयोग से आयोजित किये जाने चाहिये।

टोपी एवं टी–शर्ट जिला स्तर पर सभी चुने गये स्वयं सेवियों को पुनर्जागरण अभियान के लोगो वाली टी–शर्ट एवं टोपियॉ उपलब्ध कराई जायेंगी।

5–पुनर्जागरण यात्रा मार्ग पर डॉक्यूमेंटरी निर्माण एवं वीडियोग्रॉफी की तैयारियॉः– चारों यात्रा मार्गों पर विस्तृत वीडियोग्राफी की जायेगी, ताकि सम्पूर्ण पुनर्जागरण यात्रा की डॉक्यूमेंटरी फिल्म बन सके तथा इन फिल्मों का प्रदर्शन मथुरा में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पुनर्जागरण कार्यक्रम में किया जा सके।

6:–पुनर्जागरण यात्रा के वातावरण निर्माण अभियानः–

(अ) जनपद स्तरीय अभियान की शुरूआतः– पुनर्जागरण परियोजना के रूप में नेहरू युवा केन्द्र संगठन द्वारा सभी चुने गये 100 जनपदों में समस्त सहयोगियों और हित धारकों को इस प्रस्तावित कार्यक्रम के बारे में संवेदित करने के लिए एक जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला अधिकारी, अग्रणी युवा नेता, पंचायत प्रतिनिधि, प्रिन्ट एवं मीडिया के प्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख, जिला युवा सलाहकार समिति

के सदस्य, राजनैतिक तथा धार्मिक प्रमुख, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा अन्य सभी सहयोगियों को भी इस बैठक में सम्मिलित किया जायेगा। इस बैठक का आयोजन (अभियान शुरू होने के प्रथम चरण के केन्द्रों द्वारा) 15.1.2015 से 15.2.2015 के मध्य किया जाना चाहिये। इसकी आख्या हेतु देखें अनुबन्ध– 8

इस बैठक के दौरान समस्त प्रतिनिधियों को पुनर्जागरण परियोजना के उददेश्य विभिन्न गतिविधियों, कार्य योजना तथा अपेक्षित पंचायत से सहयोग की रूपरेखा के बारे में चर्चा की जानी चाहिये। इस कार्यक्रम के आयोजन में युवाओं और सभी प्रमुख सहयोगियों का समर्थन प्राप्त करना, जिससे आम जन मानस में पुनर्जागरण अभियान के उददेश्यों, रणनीति, विकास के कार्यक्रमों की वर्तमान स्थिति तथा योजनाबद्ध तरीके से समस्याओं एवं मुददों के सामूहिक समाधान की आवश्यकता के प्रति सर्व स्वीकारिता बढ सके। इस एक दिवसीय कार्यक्रम के माध्यम से जन सहभागिता तथा इस कार्यक्रम के प्रति अपनापन भी लोगों के मन में विकसित किया जाना चाहिये, जिससे जनपद के लक्षित 100 गांवों में हित धारकों के स्वनियोजन के साथ कार्यक्रम का उपयुक्त संपादन किया जा सके। इस अभियान में सक्रिय सहभागिता एवं युवाओं एवं ग्रामीण समुदाय को लाभ पहुॅचाने के लिए अभिप्रेरित किया जाना चाहिये।

(ब) <u>जनपद के चुने गये 100 गांवों में वातावरण निर्माणः–</u>

इस अभियान का आरम्भ वातावरण निर्माण की गतिविधियों के साथ होना चाहिये जिसमें स्थानीय युवा नेता, राजनैतिक एवं धार्मिक प्रमुख तथा स्थानीय नेतृत्व वातावरण निर्माण करने के लिए अपना सहयोग दें सके एवं पुनर्जागरण गतिविधियों को ग्राम स्तर पर निरन्तरता प्रदान की जा सके। इन गतिविधियों के माध्यम से समस्त सहयोगियों को परियोजना के उददेश्य, कार्ययोजना तथा संभावित उपलब्धियों से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी दी जानी चाहिये ताकि अधिकतम जन सहयोग सुनिश्चित किया जा सके। इन गतिविधियों के माध्यम से पुनर्जागरण अभियान को आम जन मानस में स्वीकार्य कार्यक्रम बनाने में तथा प्रभावित लोगों एवं उनके परिजनों को यह कार्यक्रम, विकास की विभिन्न योजनाओं के सफल कियान्वयन एवं परोक्ष अपेक्षित परिणामों के सन्दर्भ में चिन्हित गांव में अपना प्रभाव छोड़ सकेगा। गांव में पुनर्जागरण यात्रा शुरू होने से पहले ही यह गतिविधि पूर्ण हो जाना चाहिये।

इस गतिविधि के माध्यम से गांव की शिक्षा का स्तर, कार्यक्रम आयोजन के लिए स्कूल एवं कालेजों की स्थिति का आंकलन तथा ऐसे लोगों को सूचीबद्ध करने में भी सहायता मिलेगी जिनकी बात लोग सुनते हैं तथा जिसके बारे में एकमतता हो, उनके अनुरूप ही आयोजन हेतु गतिविधियों की प्राथमिकता तय करने में, विभिन्न स्तर पर लक्षित गांव केन्द्रित गतिविधियों में सहयोगी संस्थाओं की पहचान करने में विभिन्न स्तर पर समस्त गतिविधियों को लक्षित गांवों में क्रियान्वित करने में सहयोग मिल सकेगा। लक्षित गांवों में पुनर्जागरण रथ के आने से पूर्व व्यक्तिगत सम्पर्क तथा नेटवर्किंग, ग्राम बैठक, प्रमाणित आधारभूत आंकडों का संकलन, जागरूकता निर्माण, युवा नेताओं का सहयोग टीम बिल्डिंग तथा समन्वयनकारी संस्थाओं के चिन्हीकरण में पूर्व वातावरण निर्माण गतिविधियों के माध्यम से सहयोग मिलेगा। पुनर्जागरण परियोजना के अन्तर्गत 2–3 क्लस्टर स्तरीय पूर्व वातावरण निर्माण गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। कृपया संशोधित <u>युवा मण्डल विकास कार्यक्रम'</u> मार्गदर्शिका का अनुगमन करें। इन गतिविधियों से सम्भावित प्रतिफल के प्रमुख अवयव निम्नानुसार होंगेः–

- क्लस्टर में युवा मण्डलों तथा महिला मण्डल अधिक मजबूत बनेंगे।
- गैर आच्छादित गांव में नये युवा मण्डलों तथा महिला मण्डलों का गठन होगा तथा उन्हें नेहरू युवा केन्द्र के साथ आनलाइन सम्बद्धता के लिए प्रेरित किया जायेगा।
- वर्तमान युवा मण्डल तथा महिला मण्डल अधिक सक्रिय होंगे।
- वर्तमान युवा मण्डल तथा महिला मण्डल में सक्रिय सदस्य संख्या में वृद्धि होगी।
- युवा मण्डलों में समाज के विभिन्न वर्गों यथा अनुसूचित जाति/जनजाति/पिछड़ीजाति, अल्पसंख्यक महिलाओं तथा शारीरिक रूप से विकलांग सदस्यों की सहभागिता बढ़ेगी। गांव में युवा मण्डल तथा महिला मण्डल का निम्नानुसार सर्वेक्षण करें तथा युवा मण्डल विकास कार्यक्रम दिशानिर्देशिका में दिये गये अनुबन्ध 9(अ) से 9(द) के अनुरूप रिपोर्ट दें।
  (1) ऐसे युवा मण्डल सदस्य जिनके घरों में शौचालय नहीं हैं ।

  (2) ऐसे युवा मण्डल सदस्य जिनके बैंक खातें नहीं खुले हैं।

(3) ऐसे युवा मण्डल जिनके बैंक खाते नहीं हैं।

उपरोक्त आंकडों के अतिरिक्त इन गतिविधि का उपयोग निम्नलिखित विषयगत क्षेत्रों से सम्बन्धित सूचना पृष्ठ–3 के अनुरूप एकत्र करने में भी किया जाना चाहिये जैसेः– गांव की समस्यायें, विकास से सम्बन्धित अपेक्षायें, सामाजिक मुददे तथा अन्य ऐसे स्थानीय विषय जिन्हें युवा तथा ग्रामवासी विभिन्न विभागों के सहयोग से हल करना चाहते हैं, इसके लिए प्रत्येक गांव की अलग से विवरणी तैयार की जाये तथा गांव की नेबरहुड पार्लियामेंट में चर्चा के लिए बेसपेपर के रूप में प्रस्तुत किया जाये।

- गांव के युवा तथा सामान्य गांववासियों को इस बात के लिए अभिप्रेरित किया जाना चाहिये ताकि वे पुनर्जागरण गतिविधियों के माध्यम से पुनर्जागरण यात्रा तथा नेबरहुड पार्लियामेंट के सहभागी बनें।
- इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए बजट युवा मण्डल विकास कार्यक्रम के मार्गदर्शिका के अनुरूप होगा, जिसमें उपरोक्तानुसार तथ्यात्मक आंकडों एवं सूचनाओं का संकलन अनुबन्ध 9(क) तथा 9(स) में किया जायेगा।

7–अभियान की तैयारी गतिविधियॉः–

राज्य विशेष की उन योजनाओं का संकलन जो सम्बन्धित जनपदों में संचालित की जा रही होंः– मण्डल निदेशक राज्य स्तर पर ऐसी समस्त योजनाओं का स्थानीय भाषा में संकलन तैयार करेंगे जो चिन्हित जनपदों के युवाओं तथा ग्रामवासियों के लिए संचालित की जा रही हों । इन्हें सम्बन्धित विभागों से एकत्र करके एक पुस्तिका के रूप में जन सामान्य को वितरित करने के लिए प्रिन्ट कराया जायेगा। इनको 30.1.2015 तक प्रथम चरण के राज्यों के द्वारा विकसित तथा संकलित किया जायेगा ।

रथ का निर्माण एवं मार्ग का निरूपण :– जिला युवा समन्वयक द्वारा अपने जनपद के लिए 03 ऐसे रथों का विकास किया जायेगा जिसमें पीए सिस्टम, प्रदर्शनी, बैनर्स दृश्य–श्रव्य व्यवस्था, सांस्कृतिक उपकरण, प्रचार सामग्री, बैनर्स आदि प्रथम चरण के गांवों द्वारा 15.2.2015 से 25.2.2015 के मध्य ऐसे रथ तैयार कर लिय जायेंगे। अन्य गांवों द्वारा बजट प्राप्ति होने पर ही रथों का विकास किया जायेगा, किन्तु वे जनपद भी इस के क्रियान्वयन को अन्तिम रूप देकर रथ का प्रोटाइप तैयार कर लेंगे। इसके लिए अनुबन्ध 15 देंखें जो कि मण्डल निदेशक, नेयुकेसं, मध्य प्रदेश द्वारा भेजा गया है।

आपसे निवेदन है कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जनपदवार दी गई समय सारिणी तथा विस्तृत मार्गदर्शिका के अनुरूप होगी (कृपया पृष्ठ संख्या 16, 17 एवं 18 का सन्दर्भ लें)

इस बात का ध्यान रखें कि प्रत्येक जनपद में 100 गांवों की 60 दिनों में आच्छादित करने के लिए तीन सुसज्जित रथों का निर्माण तथा संचालन तीन अलग अलग स्थानों से करेंगे।

समय सारिणी के अनुसार जनपद के अन्तिम गांव का कार्यक्रम आच्छादन उपरोक्तानुसार निर्धारित अन्तिम तिथि को ही किया जाना है, इसी प्रकार अगले जनपद के प्रथम गांव का कार्यक्रम भी समय सारिणी में निर्धारित तिथि को ही किया जाना है ताकि यात्रा के सतत् संचालन में कोई व्यवधान न आये। कृपया कार्यक्रमों को निर्धारित तिथि से आगे या पीछे किसी भी दशा में न किया जाये।

<u>विशेषज्ञों तथा सन्दर्भ व्यक्तियों का समूहः–</u> अभियान के दौरान आवश्यक सेवा प्रदान करने के लिए प्रशिक्षकों तथा सन्दर्भ व्यक्तियों की पहचान कर पहले से ही सूचीबद्ध कर लिया जाय। उन्हें पुनर्जागरण परियोजना के उददेश्य, अपेक्षाओं तथा इस कार्यक्रम के अपेक्षित परिणाम के विषय में पूर्व में ही सूचित कर दिया जाय।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिलाधिकारी तथा जिला पंचायत प्रमुख/मुख्य अधिशासी अधिकारी के द्वारा अपने अधीनस्थ सभी ग्राम पंचायत प्रधानों, विकास विभाग के प्रमुखों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को इस कार्यक्रम के साथ सम्बद्ध करने के लिए पत्र लिखा जाना चाहिये तथा उन्हें अपने–अपने विभागों की योजनाओं एवं प्रचार–प्रसार सामग्री को संकलित करके वितरित करने के लिए एवं कार्यक्रम के सफल संचालन में सहयोग करने के लिए अग्रिम सूचना प्रदान की जानी चाहिये।

पुनर्जागरण यात्रा हेतु प्रस्तावित जनपदवार समय सारणी

क्रमांक	पुनर्जागरण यात्रा हेतु 60 दिन का निर्धारित चरण (समय सीमा)	रूट नं0 1 लेह से मथुरा		रूट नं0 2 ओखा से मथुरा		रूट नं0 3 कन्याकुमारी से मथुरा		रूट नं0 4 रोइंग से मथुरा		फेज में आछादित जनपदों की संख्या
		जनपद का नाम	संख्या	जनपद का नाम	संख्या	जनपद का नाम	संख्या	जनपद का नाम	संख्या	
1.	1 मार्च 2015 से 29 अप्रैल 2015	1. ऊधमपुर 2. जम्मू 3. कठुआ 4. पठानकोट	4	1. ओखा 2 पोरबंदर 3 राजकोट	3	1 कन्याकुमारी 2 तिरूवन्तपुरम 3 कोल्लम 4 विरूधुनगर 5 मदुरई 6 डिंडिगुल	6	1 रोइंग 2 तेजू 3 इटानगर 4 तिनसुखिया 5 लखीमपुर 6 कामरूप 7 कोंकराझार	7	20
2..	30 अप्रैल 2015 से 28 जून 2015	1 चम्बा 2 धर्मशाला 3 ऊना 4 रोपड	4	1 सुरेन्दरनगर 2 अहमदाबाद 3 गॉधीनगर	3	1 करूर 2 नमक्काल 3 सलेम 4 धर्मापुरी 5 बंगलुरू 6 तुमकुर	6	1 जलपाईगुरी 2 दार्जिलिंग 3 किशनगंज 4 पुरनिया 5 मधेपुरा 6 सहरसा 7 दरभंगा	7	40
		1 लेह 2 कारगिल 3 श्रीनगर 4 बडगाम 5 पुलवामा 6 अनंतनाग	6	1 हिम्मतनगर 2 डूंगरपुर 3 उदयपुर	3	1 अनंतपुर 2 कुरनूल 3 महबूबनगर 4 गुलवर्ग 5 शोलापुर	5	1 मुजफफरपुर 2 वैशाली 3 सारन 4 बलिया 5 गाजीपुर 6 वाराणासी	6	

पुनर्जागरण यात्रा हेतु प्रस्तावित जनपदवार समय सारणी

क्रमांक	पुनर्जागरण यात्रा हेतु 60 दिन का निर्धारित चरण (समय सीमा)	रूट नं0 1 लेह से मथुरा		रूट नं0 2 ओखा से मथुरा		रूट नं0 3 कन्याकुमारी से मथुरा		रूट नं0 4 रोइंग से मथुरा		फेज में आछादित जनपदों की संख्या
		जनपद का नाम	संख्या	जनपद का नाम	संख्या	जनपद का नाम	संख्या	जनपद का नाम	संख्या	
3	29 जून 2015 से 27 अगस्त 2015	1 मोहाली एवं चण्डीगढ	4	1 राजसमंद	3	1 लातूर	6	1 भदोही	7	40
		2 अम्बाला		2 अजमेर		2 नादेड		2 इलाहाबाद		
		3 कैथल		3 जयपुर		3 वर्धा		3 प्रतापगढ		
		4 जीद				4 अकोला		4 सुल्तानपुर		
						5 नागपुर		5 अमेठी		
						6 राजनन्दगॉव		6 रायबरेली		
								7 बाराबंकी		
		1 सोनीपत	3	1 दौसा	3	1 मंडला	7	1 उन्नाव	7	
		2 अलीपुर		2 भरतपुर		2 नरसिंहपुर		2 कानपुर		
		3 फरीदाबाद		3 मथुरा		3 भोपाल		3 लखनऊ		
						4 विदिशा		4 ओरिया		
						5 शिवपुरी		5 इटावा		
						6 ग्वालियर		6 फिरोज़ाबाद		
						7 धौलपुर		7 आगरा		

पुनर्जागरण यात्रा प्रारंभ करने के लिए सभी चार मार्गों के तहत जिलों के समूह के लिए 60 दिनों के स्लॉट की समय सीमा का विस्तृत दिशा–निर्देश

पुनर्जागरण यात्रा के तहत कुल 100 जिले लिये गये हैं। 3 स्लाट के चार मार्ग हैं तथा प्रत्येक की समयावधि 60 दिन है। विस्तृत विवरण निम्नानुसार है, जिसे कडाई से पालन किया जाय।

जिलों के नाम और समय सीमा के साथ समयः स्लॉट नंबर 1–(1 मार्च 2015 से 29 अप्रैल 2015 तक)

उपरोक्त यात्रा समय चार्ट के अनुसार 60 दिनों के पहले स्लॉट में रूट नंबर 1 (लेह से मथुरा) के चार जिलों (उधमपुर, जम्मू, कठुआ, पठानकोट) रूट न0 2 (ओखा से मथुरा) के 3 जिले (ओखा, पोरबंदर, राजकोट) रूट नं 03 (कन्या कुमारी से मथुरा) मे 6 जिले (कन्याकुमारी, तिरूवनंतपुरम, कोल्लम, विरुधुनगर, मदुरै, डिंडीगुल) रूट न0 4 (रोइंग से मथुरा) के 7 जिलों (रोइंग, तेजु, ईटानगर, असम राज्य के तिनसुकिया जिले के सीमावर्ती गांव सादिया को भी कवर किया जाना चाहिए), लखीमपुर, कामरूप, कोकराझार) जो 1 मार्च 2015 से 29 अप्रैल 2015 तक कुल 20 जिलों में शुरू होगा।

जिलों के नाम और समय सीमा के साथ समय स्लॉट नंबर 2 (30 अप्रैल 2015 से, 28 जून 2015 तक)

60 दिनों की समय रेखा के दूसरे स्लॉट में **रूट 1** (लेह से मथुरा) मे चार जिलों (चंबा, धर्मशाला, ऊना, रोपड़) **रूट नंबर 2** (ओखा से मथुरा) में 3 जिला (सुरेन्द्र नगर, अहमदाबाद, गांधीनगर), **रूट न0 3** (कन्याकुमारी से मथुरा) 6 जिलों (करूर, नामक्कल, सेलम, धर्मापुरी, बंगलुरू, तुमकुर) और **रूट 4** (रोइंग से मथुरा) में 7 जिलों (जलपाईगुड़ी, दार्जिलिंग, किशनगंज, पूर्णिया, मधेपुरा, सहरसा, दरभंगा) जो 30 अप्रैल 2015 से 28 जून 2015 तक कवर होना चाहिए।

60 दिनों की समय सीमा के दूसरे स्लाट मे **रूट नंबर 1** (लेह से मथुरा) के 6 जिलों (लेह, कारगिल, श्रीनगर, बड़गाम, पुलवामा, अनंतनाग) **रूट न0 2** (ओखा से मथुरा) में तीन जिले (हिम्मतनगर, डूंगरपुर, उदयपुर), **रूट 3** में (कन्याकुमारी से मथुरा) मे **5 जिलों** (अनंतपुर, कुरनूल, महबूबनगर, गुलबर्गा, शोलापुर) और **रूट न0 4** (रोइंग से मथुरा) मे **6 जिलों** (मुजफ्फरपुर, वैशाली, सारण, बलिया, गाजीपुर, वाराणसी)

30 अप्रैल 2015 से 28 जून 2015 तक कुल 40 जिले कवर किया जाना चाहिए।

जिलों के नाम और समय सीमाके साथ समय स्लॉट नंबर 3ः (29 जून 2015 से 27 अगस्त 2015)

60 दिनों के समय सीमा के तीसरे स्लाट मे **रूट नंबर 1** (लेह से मथुरा) के चार जिलों (मोहाली व चंडीगढ़, अंबाला, कैथल, जींद), **रूट न0 2** (ओखा से मथुरा) में 3 जिले (राजसमन्द, अजमेर, जयपुर) **रूट न0 3** (कन्याकुमारी से मथुरा) में 6 जिलों (लातूर, नांदेड़, वर्धा, अकोला, नागपुर, राजनांदगांव) और **रूट न0 4** (रोइंग से मथुरा) मे 7 जिलों (भदोही, इलाहाबाद, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, अमेठी, रायबरेली, बाराबंकी) 29 जून 2015 से 27 अगस्त 2015 तक कवर किया जाना चाहिए।

60 दिनों के समय सीमा के तीसरे स्लाट मे **रूट न0 1** (लेह से मथुरा) में तीन जिलों (सोनीपत, अलीपुर, फरीदाबाद), **रूट न0 2** (ओखा से मथुरा) मे 3 जिला (दौसा, भरतपुर, मथुरा) **रूट न0 3** (कन्याकुमारी से मथुरा) में सात जिलों (मण्डला, नरसिंहपुर, भोपाल, विदिशा, शिवपुरी, ग्वालियर, धौलपुर) और **रूट न0 4** (रोइंग से मथुरा) मे 7 जिलों (लखनऊ, उन्नाव, कानपुर, औरैया, इटावा, फिरोजाबाद, आगरा) 29 जून 2015 से 27 अगस्त 2015 तक कुल 40 जिले कवर किया जाना चाहिए।

यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि एक जिले में पुनर्जागरण यात्रा के लिए सभी सुविधाओं के साथ तीन रथ होना चाहिए। जिले में अंतिम गांव को समय सीमा स्लाट की अंतिम तिथि में शामिल किया जाना चाहिए। इसी तरह, दूसरे स्लॉट के जिले की यात्रा उस टाइम स्लॉट में उल्लेखित आरंभ तिथि के अनुसार शुरू कर देना चाहिए।

8. पुनर्जागरण अभियान की गतिविधियों का आयोजन

प्रत्येक चिन्हित जिले में, तीन रथों का, बैनर, पोस्टर, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली और सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों पर प्रकाश डालने वाली, योजनाओं का संग्रह आदि सहित, जागरूकता और शिक्षा के लिए इस्तेमाल किया जाना चाहिए। सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली, दृश्य–श्रव्य सामग्री और संसाधन टीम के रूप में प्रशिक्षित युवा समूह रथ का हिस्सा होगा। रथ यात्रा द्वारा एक जिले में 100 गांवों को कवर किया जाएगा। प्रत्येक गांव में सार्वजनिक सभा और बातचीत के माध्यम से शिक्षा और जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक गांव में वे छह घंटे रह कर निम्नलिखित चिन्हित विषयों पर आधारित गतिविधियों, डेटा एकत्रीकरण और वातावरण निर्माण अभियान के परिणाम प्रतिवेदन आदि कार्य सम्पन्न होगा।

- विषयगत क्षेत्रों पर लघु नाटिक एवं नुक्कड नाटक
- सरकार द्वारा शुरू की गई विकास योजनाओं और फ्लैगशिप कार्यक्रमों पर फिल्म शो।
- थीम आधारित संस्कृतिक कार्यक्रम
- योजनाओं से सम्बन्धित आईईसी सामग्री का संग्रह और वितरण
- पड़ोस संसद के दो सत्रों का आयोजन
- विशेषज्ञों और अभियान दल नेतृत्वकर्ताओं द्वारा व्याख्यान
- समूहों की बैठक
- ओपन हाऊस चर्चा
- प्रश्न और जवाब सत्र

